Title: Need to provide computerised reservation facility at Balaghat Railway Station, Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : सभापति महोदय, गोंदिया से बालाघाट-जबलपुर आमान परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है। केन्द्र सरकार के रेल मंत्रालय ने इस अमान परिवर्तन के लिए धनराशि आबंटित की है, लेकिन रेल मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान रेल मार्ग बंद होने की स्थिति में बालाघाट रेल मार्ग से कट जाएगा। ऐसी स्थिति में बालाघाट जिले के नागरिकों को गोंदिया एवं नागपुर स्टेशन से आरक्षण कराने के लिए जाना पड़ेगा। अत: यह जरूरी है कि रेल मार्ग बंद होने से पूर्व बालाघाट स्टेशन को कम्प्युटरीकृत आरक्षण की सुविधा प्रदान की जाए।

रेल मंत्रालय को ज्ञात होगा कि बालाघाट जिला मुख्यालय है, नक्सली गतिविधियों से ग्रस्त है तथा इस जिले में कॉपर कम्पनी का मलाजखंड प्रौजेक्ट एवं मैंगनीज़ और इंडिया लिमिटेड की अनेक महत्वपूर्ण खदानें भी हैं।

अत: माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि अविलम्ब कम्प्युटरीकृत रेल आरक्षण की सुविधा प्रदान करें तथा समय सीमा के भीतर अमान परिवर्तन का कार्य करवाने का कट करें।